प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डा. सलीम की गाय रही सर्वोत्तम पशु

पंतनगर। 09 अक्टूबर 2021। विश्वविद्यालय में चल रहे चार–दिवसीय किसान मेले के तीसरे दिन आज पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पशु–प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालकों ने अपने पशुओं का 7 वर्गों में प्रदर्शन किया। इस पशु–प्रदर्शनी में डा. सलीम पुत्र श्री भूरे, किच्छा, की देशी गाय को सर्वोत्तम पशु घोषित किया गया, जिसे कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला, ने रिबन बांधकर सुशोभित किया। इस पशु–प्रदर्शनी में कुल 36 पशु सम्मिलित हुए।

इस प्रदर्शनी में बछिया वर्ग में सूरज की बछिया, गाभिन बछिया वर्ग में हरेन्द्र यादव की बछिया, हालस्टीन गाभिन गाय वर्ग में भुटी यादव की गाय, हालस्टीन दुधारू गाय वर्ग में दिव्यांशु कुमार की गाय, गोवत्स वर्ग में श्रेष्ठ कुमार का गोवत्स, देशी गाय वर्ग में डा. सलीम की गाय, भैस वर्ग में जैनुल की भैस प्रथम स्थान पर रहे।

बछिया वर्ग में हरेन्द्र यादव की बछिया, गाभिन बछिया वर्ग में राजाराम की बछिया, हालस्टीन गाभिन गाय वर्ग में सुमित प्रसाद की गाय, हालस्टीन दुधारू गाय वर्ग में राम करण की गाय, गोवत्स वर्ग में आनन्द यादव एवं गुरमुख का गोवत्स एवं देशी गाय वर्ग में भूपेन्द्र की गाय, द्वितीय स्थान पर रहे। भैस वर्ग में द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कोई पशु नहीं चुना गया।

इस पशु–प्रदर्शनी के संयोजक, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा, डा. एन.एस. जादौन एवं सह–संयोजक, डा. एस.सी. त्रिपाठी, थे। निर्णायक मण्डल में डा. शिव प्रसाद, डा. आर.एस. बरवाल तथा एस.के. सिंह थे। इस कार्यक्रम का आयोजन डा. अनिल कुमार, डा. अवधेश कुमार, डा. अमन कम्बोज एवं डा. अमित प्रसाद तथा पंकज सक्सेना, शसांक माण्डलिक, राजेश कुमार, सिमरन मौर्य, एकता विष्ट एवं आईना मोदी ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

डा. सलीम की गाभिन बछिया को रिबन बांधकर सर्वोत्तम पशु के रूप में सुशोभित करते कार्यवाहक कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला।